एक नजर में

## धार नगर पालिका का भंगार गायब, जांच व कार्रवाई की मांग




**धार ।** धार नगर पालिका में काम में आने वाली वस्तुओं का भंगार (कबाड) के रूप में पडा था जो नगर पालिका की विभिन्न सम्पतियों पर पडा था जिसका हमारे पार्षद दल कम द्वारा निरीक्षण करने पर नगर पालिका में पडा भंगार (कबाड), कबाड का ट्रेक्टर,कम्पाउण्ड में पडा भंगार ,पुराना मल वाहन ,जिसके पडे टायर एवं अन्य सामान ट्राली ,जेसीबी का छोटा पंजा,कचरा वाहन की बंछी ,कचरा गाडीया फिल्टर प्लांट ,पुरानी नगर पालिका ,लालबाग ,सम्पवेल छोटा आश्रम पर जो भंगार (कबाड) था वह नगर पालिका कर्मचारियों की मिलीभगत से भ्रष्टाचार कर अमानत में खयानत करने का कार्य किया गया है। उक्त बात आज मुख्य नगर पालिका अधिकारी महोदय को ज्ञापन देते हुए नेता प्रतिपक्ष प्रतिनिधि( म.प्र.विधानसभा) जिला कांग्रेस प्रवक्ता अजय डॉ मनोहर सिंह ठाकुर(एड)नेता प्रतिपक्ष करीम कुरैशी,पार्षद ईश्वर सिंह ठाकुर,पार्षद(प्र) बरसात सिसोदिया, पार्षद श्रीमती सारिका अजय सिंह ठाकुर की। नेता गण ने आगे कहा कि श्उक्त सभी जगह के पूर्व और वर्तमान के हमारे पास निरीक्षण के दौरान फोटोग्राफ भी है। जिसपर से उक्त गायब हुए सामान की 7 दिन में जांच कर संबंधितों पर कार्रवाई करते हुए अवगत कराने की मांग करते की। अन्यथा समस्त पार्षद दल उक्त भ्रष्टाचार को उजागर करने हेतु चरणबद्ध आन्दोलन कर जनता को जागरूक करेंगे।

## योगेन्द्र कुमार जायसवाल बने ब्लॉक अध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी

**धार।** पेंशन बहाली राष्ट्रीय आंदोलन (*NMOPS*) धार जिले के संगठन विस्तार में श्री योगेन्द्र कुमार जायसवाल, माध्यमिक शिक्षक शासकीय हाईस्कूल धरावरा, को ब्लॉक अध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी धार जिला नियुक्त किया गया है। यह मनोनयन जिला अध्यक्ष श्री कमल किशोर जाट द्वारा संगठन की सक्रियता एवं संचार सशक्तिकरण के उद्देश्य से किया गया। योगेन्द्र जायसवाल शिक्षा जगत में सक्रिय भूमिका निभाते आए हैं और संगठनात्मक क्षमता में भी निपुण हैं। उनकी नियुक्ति से जिले में पुरानी पेंशन बहाली आंदोलन को नई गति मिलने की उम्मीद है।



## मंत्री सावित्री ठाकुर ने गैस दुर्घटना पीड़ित परिजनों से मिलकर संवेदनाएं व्यक्त कीं



**धार।** केंद्रीय राज्यमंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद सावित्री ठाकुर मंगलवार को विगत दिनों ज़िले के पीथमपुर निजी फैक्ट्री में हुई गैस दुर्घटना में तिरला ब्लॉक के आहु समीप ग्राम सिंदो?ा निवासी जगदीश निनामा के असामयिक निधन पर उनके निवास पहुंचकर परिजनों से मिलकर अपनी शोक संवेदनाएं प्रकट कीं। श्रीमती सावित्री ठाकुर ने कहा कि इस दुखद घड़ी में मैं पूरे परिवार के साथ खड़ी हूँ और ईश्वर से प्रार्थना करती हूँ कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल परिवार को यह दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। इस दौरान तिरला मंडल अध्यक्ष शुभम पाटीदार व क्षेत्रीय नेता उपस्थित थे

## सुरक्षा व्यवस्था सख्त-पीएम नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम के दौरान 3 किमी परिधि में *NO FLY ZONE* घोषित

**धार,**/प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तहसील बदनावर, जिला धार में 17 सितंबर को प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम के मद्देनजर सुरक्षा प्रबंध सख्त कर दिए गए हैं। अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी संजीव केशव पाण्डेय ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत प्रधानमंत्री जी की सुरक्षा और आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए, ग्राम पंचायत भैंसोला, तहसील बदनावर, जिला धार के पीएम मित्रा पार्क कार्यक्रम स्थल के आसपास 3 कि.मी. परिधि को ह्ह स्नर्ल्ट्ठ ह्हश्व/त्रश्वठ्ठ ह्हश्व घोषित किया है। इस आदेश के तहत 17 सितंबर को निर्धारित कार्यक्रम स्थल के आस-पास किसी भी प्रकार की उड़ान गतिविधियाँ प्रतिबंधित रहेंगी। विशेष रूप से ड्रोन, पैराग्लाइडिंग, हॉट एयर बैलून, अनमैनड एरियल व्हीकल्स (ढ्ढह्य) और अन्य फ्लाइंग ऑब्जेक्ट्स को उड़ान भरने से रोका जाएगा।अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 सहित अन्य उपयुक्त धाराओं के तहत सख्त दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।

## भैंसोला में 17 सितम्बर को रक्तदान शिविर लगेंगा

**धार,** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि जिला रेडक्रॉस सोसाईटी धार द्वारा बदनावर के ग्राम भैंसाला में प्रधानमंत्री जी के जन्म दिवस 17 सितम्बर के उपलक्ष्य में विशाला रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। जिसमें रक्तदाता शिविर में रक्तदान कर सकते है।

## नौ दिवसीय श्रीराम कथा का होगा शुभारंभ आज कुक्षी में

**कुक्षी।** दाताहरी बीसी ग्रुप के तत्वाधान में आज 11 सितंबर गुरुवार से नगर मे नवदिवसीय श्री रामकथा का आयोजन प्रारम्भ होगा।इस अवसर पर कानपुर (यूपी) के प्रसिद्ध कथाचार्य प.राजेंद्र द्विवेदी महाराज अपनी मधुर और तेजस्वी वाणी द्वारा रामकथा अमृत का पान कराएंगे.दाताहरी वाटिका डोगरा दरवाजा पर कथा प्रतिदिन शाम 7 से 10:30 बजे तक होंगी.ग्रुप सदस्यों नें नगर के धर्मप्रेमी जनों से कथा श्रवण कर पुण्य लाभ लेने का आग्रह किया है.धार्मिक आयोजन को लेकर ग्रुप सदस्य उत्साह के साथ तैयारियों को अंतिम रूप देने मे जुटे हुए है।



## आशा कार्यकर्ता ,उषा आशा पर्यवेक्षक संगठन ने डॉक्टर एम एल जैन का भव्य विदाई समारोह संपन्न

**सरदारपुर ।** सरदारपुर छनेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में मध्य प्रदेश आशा कार्यकर्ता, उषा आशा पर्यवेक्षक संगठन द्वारा डॉ मनोहर लाल जैन साहब का विदाई समारोह किया गया विदाई समारोह में आशा संगठन के द्वारा सिविल हॉस्पिटल सरदारपुर के डॉक्टरो को भी आमंत्रित किया गया वही सरदारपुर तहसील के पत्रकार गणों को भी कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया वही सरदारपुर तहसील की समस्त आशा कार्यकर्ता उषा आशा पर्यवेक्षक की उपस्थिति में कार्यक्रम प्रारंभ हुआ कार्यकर्ताओं के द्वारा नृत्य करते हुए पुष्प वर्षा के साथ आओ आओ है. गाने की धुन पर डॉक्टर जैन साहब का विशेष स्वागत किया गया .





# सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम की तैयारी के लिए जिला स्तरीय कार्यशाला

- सभी मंडलों में होंगे कार्यक्रम व कार्यशाला
- विश्व में मोदी जी की भूमिका एक विश्व नेता के रूप में उभरी है- सावित्री ठाकुर
- सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम को प्रत्येक समाज तक कार्यकर्ता ले जाकर सेवा भाव का कार्य करें- राघवेंद्र गौतम
- सेवा पखवाडा अंतर्गत आत्मनिर्भर भारत के संदेश को घर-घर पहुंचाने का प्रयास करें - निलेश भारती




**धार ।** भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय प्रदेश नेतृत्व के निर्धारित संगठनात्मक कार्यक्रम को गति प्रदान करने के लिए भाजपा जिला संगठन की महत्वपूर्ण जिला स्तरीय कार्यशाला बुधवार को शिव वाटिका कानवन में आयोजित की गई । जिसमें केंद्रीय राज्यमंत्री एवं सांसद सावित्री ठाकुर संगठन संभाग प्रभारी राघवेंद्र गौतम भाजपा जिलाध्यक्ष निलेश भारती संगठन जिला प्रभारी श्याम बंसल एवं पार्टी के वरिष्ठ नेताओं कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन में, सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम की कार्य योजना की रचना तैयार की गई। कार्यशाला में सर्व प्रथम भारतमाता व पितृ पुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण कर आरंभ किया।

इस दौरान पूर्व मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव धार विधायक नीना वर्मा किसान मोर्चा प्रदेश महामंत्री दिलीप पटोदिया जिला पंचायत अध्यक्ष सरदार सिंह मे?ा अजजा मोर्चा प्रदेश महामंत्री मुकाम सिंह रावत पूर्व विधायक वेलसिंह भूरिया सेवा पखवाड़ा जिला संयोजक राकेश पटेल मंचासीन रहें। 17 सितंबर से 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के निमित्त महत्वपूर्ण कार्यक्रमों को गति प्रदान करने के लिए प्रत्येक मंडलों में कार्य योजना प्रारंभ होगी ।

केंद्रीय राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर ने जिला स्तरीय कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि अपने जन्मदिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी आदिवासी अंचल क्षेत्र बदनावर के भेसोला आना हम सब के लिए गर्व की बात है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व व मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मार्गदर्शन में मोदी जी के विकसित भारत के संकल्प को पूर्ण करने में मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार सबका साथ,सबका विकास और सबके विश्वास के साथ प्रदेश के हर वर्ग के विकास व सशक्तिकरण के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ निरन्तर कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी जी की नीतियों और नेतृत्व ने भारत को एक नई दिशा दी है। विश्व में मोदी जी की भूमिका एक विश्व नेता के रूप में उभरी है, जिस पर हर भारतीय को गर्व है। 80 करो? लोगों को मुफ्त राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। घर-घर नल से जल पहुंचाया जा रहा है और आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पांच लाख रुपये तक मुफ्त इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है। देश में जनहित की 300 से अधिक योजनाएं चल रही हैं, जिनका जनता को लाभ भी मिल रहा है।

संभाग प्रभारी राघवेंद्र गौतम ने कहा कि हमारा लक्ष्य सरकार व संगठन दोनों के ही माध्यम से जनसेवा करना व प्रदेश को विकसित भारत की यात्रा में अग्रणी बनाना है। अटल जी ने कहा है कि छोटे मन से कोई बढ़ा नहीं होता सेवा पखवाड़ा में हम सभी कार्यकर्ताओं को अपना अपना मूल्यांकन करने की आवश्यकता है । सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम को प्रत्येक समाज तक कार्यकर्ता ले जाकर सेवा भाव का कार्य करें। मोदीजी ने सफाई के लिए झा? उठाई तो पुरे देश में जन अभियान बना तथा मध्यप्रदेश का इंदौर देश में नंबर वन आया। उन्होंने कहा कि स्वदेशी वस्तुओं को अपने के लिए प्रत्येक समाज में कार्यकर्ता पहुंचकर उन्हें जागरूक बनाएं ताकि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में विकसित और समृद्ध भारत का निर्माण अपनी स्वदेशी वस्तुओं से हो सके।

पूर्व मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव ने कहा कि भारत में सात और प्रदेश में मात्र एक पीएम मित्र पार्क का भुमि पूजन करने मोदीजी बदनावर आ रहें है यह गर्व की बात है। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने बताया कि सेवा पखवाड़ा अंतर्गत प्रमुख रूप से स्वच्छता अभियान, एक पे? मां के नाम वृक्षारोपण, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, प्रधानमंत्री के जीवन पर डाक्यूमेंट्री फिल्म प्रदर्शन, प्रबुद्धजन सम्मेलन, दिव्यांग और राज्य के अन्य विशिष्ट व्यक्तियों का सम्मान, वोकल फॉर लोकल का प्रचार, प्रधानमंत्री पर चयनित पुस्तकों का वितरण, सांसद खेलकूद प्रतियोगिता, विकसित भारत चित्रकला प्रतियोगिता, मोदीजी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी, पंडित दीनदयाल जयंती 25 सितंबर एवं गांधी जयंती 2 अक्टूबर के उपलक्ष्य में कार्यक्रम होंगे।

### भाजपा सेवा पखवाडा के रूप में मनाएगी प्रधानमंत्री मोदीजी का जन्मदिवस

भाजपा जिलाध्यक्ष निलेश भारती ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिवस सेवा पखवा?ा के रूप में मनाया जाएगा। मोदीजी के जन्मदिवस 17 सितंबर से गांधी जयंती 2 अक्टूबर जिलेभर में विभिन्न सामाजिक एवं सेवा कार्यों के माध्यम से मोदीजी के दीर्घायु एवं स्वस्थ रहने की कामना की जाएगी। हमारे कार्यकर्ता तपोनिष्ठ हैं और वे कच्ची मिट्टी के नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा के संकल्प से बने हैं। जिला व मंडल स्तरीय टोली गठित की है। भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता,जनप्रतिनिधि व पदाधिकारियों से सेवा पखवा?ा को सफल बनाने का आह्वान किया है सेवा पखवा?ा के सफल की मुख्य भूमिका में एक कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह कर संगठनत्मक कार्यक्रमों को सभी मंडलों में प्रभावी बनाएं। मोदीजी के नेतृत्व में सेवा परमो धर्म: को चरितार्थ करते हुए समाज के गरीब, शोषित एवं वंचित वर्गों के उत्थान के लिए अनेक ऐतिहासिक कार्य हो रहे हैं। उनका व्यक्ति एवं कृतित्व अद्वितीय है। प्रत्येक वर्ष विभिन्न प्रकार के सेवा एवं सामाजिक कार्यक्रमों के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी के जन्मदिवस 17 सितंबर से 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक सेवा पखवा?ा के रूप में मनाते हैं एवं उनकी दीर्घायु व स्वस्थ रहने की कामना करते हुए प्रधानमंत्रीजी के व्यक्तित्व से प्रेरणा लेते हैं। मोदीजी ने भारत के 79वें स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर राष्ट्र सुरक्षा को सुदृ? बनाने, भारत को आत्मनिर्भर बनाने, तकनीकी और नवाचार के वैश्विक नेतृत्व हासिल करने, समाज के सभी वर्गों तक सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने एवं वोकल फॉर लोकल के मंत्र के साथ विकसित भारत के संकल्प को 2047 तक साकार करने का आह्वान किया है। देशवासियों को प्रधानमंत्री मोदीजी के नेतृत्व पर गर्व है। हमें 2 अक्टूबर को गांधी जयंती और पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर जी की जयंती पर उनकी प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि कर खादी की सामग्री क्रय कर जन-जन को जागरूक करके स्वदेशी को ब?वा देना है। श्याम बंसल ने कहा कि संगठन सिर्फ सत्ता के लिए कार्य नहीं करता है वह सामाजिक जीवन सुधार का कार्य करता है। देश में हमारे काम के आधार पर हमारा वोट बैंक बड़ा है।

जिला स्तरीय कार्यशाला में मंडल अध्यक्ष दिलीप सिंह सोलंकी संतोष ?लकिया आशीष जैन संजय सिंह राठौर मनीष गुर्जर गोविंद रघुवंशी ने अतिथियों का स्वागत किया। संचालन जनपद उपाध्यक्ष ममता पाटीदार व आभार पूर्व मंडल अध्यक्ष सुनील मोदी ने किया। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने दी।

# बदनावर में बदला मौसम का मिज़ाज, बाजारों में फिर लौटी चहल-पहल

**बदनावर .** लगातार कई दिनों तक रुक-रुक कर होती रही भारी बारिश के बाद जब बुधवार की सुबह बदनावर का आसमान साफ नजर आया और धूप निकली, तो बाजारों में जैसे नई जान लौट आई। पिछले एक सप्ताह से जारी बारिश ने न केवल जनजीवन को प्रभावित किया था, बल्कि बाजारों की रफ्तार भी धीमी कर दी थी। मौसम के कारण ग्राहक घरों से बाहर नहीं निकल पा रहे थे और दुकानदारों को खाली बैठना पड़ रहा था। लेकिन जैसे ही मौसम ने करवट बदली, वैसे ही शहर के प्रमुख बाजारों में फिर से रौनक लौट आई। सुबह से ही लोग जरूरी सामान की खरीदारी के लिए निकल पड़े,



और दिन चढ़ते-चढ़ते बाजारों में अच्छी-खासी भीड़ दिखाई दी। सब्ज़ी, फल, किराना, डेयरी उत्पाद और कपड़ों की दुकानों पर ग्राहकों की खासी आवाजाही देखी गई। कई दिनों की सुस्ती के बाद आज बिक्री में स्पष्ट रूप से सुधार देखा गया। बारिश के कारण जिन लोगों ने ज़रूरी सामान भी टाल रखा था, वे आज बड़ी संख्या में खरीदारी करने पहुंचे। खास बात यह रही कि छोटे ठेले वाले और



फुटपाथ पर दुकान लगाने वाले विक्रेता भी आज पूरे उत्साह के साथ लौटे और उनकी बिक्री भी संतोषजनक रही। ग्राहकों ने भी माना कि बारिश के चलते न केवल रोजमर्रा की ज़रूरतें अधूरी रह गई थीं, बल्कि घरों में कैद रहने के कारण मानसिक थकान भी महसूस हो रही थी, और ऐसे में मौसम खुलते ही बाहर निकलना एक राहत की तरह लगा। बाजार की चहल-पहल सिर्फ व्यापार की दृष्टि से नहीं, बल्कि सामाजिक दृष्टिकोण से भी अहम रही, क्योंकि लोग केवल खरीदारी ही नहीं, एक-दूसरे से मिलने और बातचीत करने के लिए भी बाहर निकले। अख़बार के स्टॉल, स्ट्रीट फूड की दुकानों और गलियों में हलचल दिखाई दी, जिससे माहौल फिर से जीवंत होता नजर आया। कई दुकानों पर तो इतनी भीड़ रही कि ग्राहकों को इंतज़ार करना पड़ा। चाय-नाश्ते के ठेले और बेकरी की दुकानों पर भी काफी रौनक रही। मौसम अगर इसी तरह साफ बना रहा तो आने वाले दिनों में व्यापार पूरी तरह से सामान्य हो सकता है और बीते दिनों की मंदी की भरपाई धीरे-धीरे संभव हो पाएगी।

एक नजर

**किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा**

# राक्षस रूपी फसल बीमा कंपनी किसानों के करोड़ रूपए डकार रही : विधायक ग्रेवाल

**सरदारपुर ।** राक्षस रूपी बीमा कंपनी द्वारा किसानो से फसल बीमा के नाम पर प्रतिवर्ष करोडो रूपये डकार रही है किसान द्वारा रबी की फसल मे 307 रूपये प्रति बीघा के हिसाब से बीमा राशि एवं खरीफ मे 990 रूपये प्रति बीघा के हिसाब से बीमा राशि जमा करवाई जाती है। सरदारपुर विधानसभा मे विभीन्न पटवारी हल्को में वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में किसानों की फसलों में अत्यधिक नुकसान हुआ था किन्तु सरदारपुर विधानसभा मे 55 पटवारी हल्को मे 0 प्रतिशत नुकसान एवं 19 हल्को मे 5 प्रतिशत से कम नुकसान बताया गया जबकि वास्तविक नुकसान सर्वे से कही अधिक हुआ था। फसल बीमा कंपनी द्वारा दिया गया बीमा ऊंट के मूंह मे जीरा के समान है। वर्तमान मे पीला मौजेक वायरस से सोयाबीन की फसले नष्ट हुई है उसका शीघ्र ही सर्वे दल गठित कर वास्तविक सर्वे कर फसल बीमा प्रदान किया जाए और सेटेलाईट सर्वे बंद किया जाए यह बात विधायक प्रताप ग्रेवाल ने बुधवार को किसानो की विभीन्न



समस्याओ को लेकर केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराजसिंह चौहान एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम पर सौंपे गए ज्ञापन के दौरान कही। कांग्रेस पार्टी द्वारा कम्युनिटी हॉल से एसडीएम कार्यालय तक सैंकडो किसानो के साथ पैदल रैली निकालकर तहसीलदार का ज्ञापन सौंपा जिसमे जिला कांग्रेस अध्यक्ष स्वतंत्र जोशी, युवक कांग्रेस अध्यक्ष रोहित कामदार, प्रदेश कांग्रेस सचिव हरदेवसिंह जाट, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रीति माहेश्वरी, सेवादल कांग्रेस जिलाध्यक्ष जितेन्द्र जोशी भी शामिल रहे। ज्ञापन मे बताया कि सरदारपुर तहसील मे वर्ष 2023-24 मे रबी एवं खरीफ की फसल मे कुल 1 लाख 35 हजार 72 किसानो ने 19 करोड 29 लाख 90 हजार 721 रूपये की प्रीमियम राशि जमा की। वही बीमा के नाम पर बीमा कंपनी एवं सरकार द्वारा किसानो को 10 करोड 27 लाख की बीमा राशि प्रदान की गई। वर्ष 2024 मे रबी की फसल मे 58060 किसानो ने 4 करोड 1 लाख 36 हजार 30 रूपये की बीमा प्रीमियम जमा करवाई। बीमा राशि के नाम पर केवल 1 लाख रूपये की राशि किसानो को प्रदान की गई। वर्ष 2023-24 मे तीनो फसल मिलाकर 1 लाख 93 हजार 132 किसानो ने प्रीमियम करवाई जिसमे से केवल 35788 किसानो को ही फसल बीमा का लाभ दिया गया। बीमा कंपनी एवं सरकार द्वारा फसलो मे नुकसानी का सेटेलाईट सर्वे किया जाता है जिससे कई किसान एवं कई गॉव फसल बीमा से वंचित रह गए। कई किसानो को 50, 100, 200 रूपये तक भी फसल बीमा प्रदान कर किसानो के साथ सरकार ने अन्याय किया है। फसल बीमा योजना मे सेटेलाईट सर्वे बंद किया जाए एवं फसल बीमा से वंचित किसानो को वास्तविक नुकसानी के आधार पर फसल बीमा प्रदान किया जाए। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि किसानो द्वारा करवाए जाने वाले बीमा प्रीमियम की प्रति किसानो को प्रदान की जाए। वर्तमान मे सोयाबीन की फसल मे पीला मौजेक वायरस एवं जल भराव से नष्ट फसलो के सर्वे हेतु शीघ्र ही कृषि विस्तार अधिकारी, हार्टिकल्चर विभाग कर्मचारी, हल्का पटवारी, संबंधित ग्राम पंचायत के सचिव का संयुक्त सर्वे दल गठित कर उचित फसल बीमा एवं मुआवजा प्रदान किया जाए। नकली खाद, दवाई एवं बीज पर रोक लगाई जाए और किसानो को पर्याप्त मात्रा मे खाद प्रदान किया जाए।

सोयाबीन का दाम 6 हजार रूपये प्रति क्विंटल किया जाए। प्याज एवं लहसून का वाजिब दाम देने हेतु तहसील मुख्यालय पर सरकारी खरीदी केन्द्र प्रारंभ किया जाए। घोडा रोज (रोजडा) द्वारा फसलो को नुकसान पहुचाया जाता है उसके लिए स्थाई समाधान निकाला जाए।

सरदारपुर तहसील मे नर्मदा सिंचाई परियोजना से वंचित ग्रामो के लिए नवीन नर्मदा सिंचाई परियोजना तैयार की जाए। ज्ञापन देने के पूर्व सरदारपुर मे कम्युनिटी हॉल मे नवनियुक्त जिला कांग्रेस अध्यक्ष स्वतंत्र जोशी का स्वागत समारोह रखा गया जिसमे कांग्रेस पदाधिकारियो एवं कार्यकर्ताओ ने जिलाध्यक्ष का भव्य स्वागत किया। इस दौरान मिनाक्षी अर्पित ग्रेवाल, सवेरा महेश जायसवाल, शैलेन्द्र चौहान, दीपक जैन, सुरेन्द्रसिंह पटेल, रतनलाल पडियार, पुष्पेन्द्र बना, राजेन्द्र लोहार, विरसन भगत, बद्रीलाल पाटीदार, भीमालाल चौधरी, हेमन्त दांगी, जीवनसिंह सिसौदिया, ब्रजेश ग्रेवाल, गोपाल सौलंकी, केकडिया डामोर, मयाराम मेडा, सरदार डामर, राहुल शर्मा, गोविन्द पाटीदार, दलपत पाल, राधेश्याम जाट, प्रभु जाट, नानसिंह सिंगार, अर्जुन गेहलोत, कैलाश भूरिया, पप्पालाल जाट, अरविन्द जाट, आशीष जैन, छगन पाटीदार, मुकेश तुफान, मुकेश मेडा, बलराम यादव, अंसार खान, बाबुसिंह राजपूत, लक्ष्मण काग, श्रीकांत पटेल, सीताराम पटेल, रविन्द्र पाटीदार, प्रकाश भूरिया, दिनेश पाठक, मांगीलाल डामर, रोहित राठौड, नारायण सौलंकी, भेरू निनामा, सुनील डावर, बबलु डामर, कमलेश परमार, मदन वसुनिया आदि किसान एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।